**हादसा** जबलपुर-भोपाल मार्ग के शहपुरा में हुई दर्दनाक दुर्घटना

# ब्रिज से नीचे कार-बाइक पर गिरा हाईवा, 2 मृत, 4 घायल





### इनकी हुई मौत

पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि हादसे में अंकित मलिक पिता मेहर सिंह मलिक 31 वर्षीय निवासी हरियाणा, बाइक चालक बलराम अवस्थी पिता फकीर चंद अवस्थी 64 वर्ष निवासी नटवारा की मौत हो गई है।

### ये हुए घायल

हादसे में अनीता शुक्ला 45 वर्ष, नीरज शुक्ला 25 वर्ष दोनों निवासी रीवा जिला सिगरौली समेत दो अन्य को चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत जबलपुर-भोपाल मार्ग पर मंगलवार को ओवरब्रिज से एक हाईवा नीचे कार और बाइक के ऊपर गिर गया। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी चीख पुकार मच गई। दबने से हादसे का शिकार हुए हाईवा चालक और बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद लाशों और घायलों को बाहर निकाला गया जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि हाईवा क्रमांक एचके 74 बी 2280 का चालक अंकित मलिक डस्ट लेकर भोपाल तरफ जा रहा था। मंगलवार दोपहर हाईवा जैसे ही जबलपुर-भोपाल मार्ग ओवर ब्रिज के पास पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। हाईवा की चपेट में भोपाल से रीवा जा रही कार क्रमांक एमपी 04 वॉयके 9547 और एक बाइक आ गई। कार चालक और बाइक चालक हाइवा में दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हाइवा चालक की मौत हो गई जबकि कार सवार और बाइक चालक को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां बाइक चालक ने भी दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि हादसा हाईवा चालक की लापरवाही के चलते हुआ है। मामले की विस्तृत जांच जारी है जिसके बाद ही हादसे का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा।

### दूर तक सुनाई दी आवाज

हादसा इतना जोरदार रहा कि हाइवा के नीचे गिरने की धमाके जैसी आवाज आई जो दूर तक सुनाई दी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। चीख पुकार मची हुई थी।

### चकनाचूर हुई कार, क्रेन से हटाया हाइवा

हादसे में कार चकनाचूर हो गई जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। सूचना पर पहुंची क्रेन की मदद से भारी भरकम हाईवा को हटाया गया जिसके बाद हाइवा चालक और कार सवारों समेत बाइक चालक को बाहर निकाला गया लेकिन जब तक दो की मौत हो चुकी थी।

### शादी में शामिल हो जा रहे थे रीवा

कार सवार शुक्ला परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापिस लौट रहा था। हादसे के एक घंटे पहले परिवार ने पास के हनुमान मंदिर में दर्शन किए थे इसके बाद वे घर जा रहे थे तभी वे हादसे का शिकार हो गए।

### परिजनों में पसरा मातम

पुलिस ने मामले की सूचना मृतकों के परिजनों को दी तो उनके पैरे तले जमीन खिसक गई। परिजनों में चीख पुकार मच गई। हादसे से परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि उनके बच्चे अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस के फेरे निरस्त

जबलपुर। प्रयागराज माघ मेला-2026 के दौरान यात्री आवागमन में अपेक्षाकृत कमी को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा एवं परिचालन आवश्यकता के अनुसार इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस के चुनार जंक्शन तक विस्तारित किए गए कुछ फेरों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज छिवकी-चुनार के बीच 02 से 16 फ़रवरी तक आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन चुनार-प्रयागराज छिवकी के बीच 17 फ़रवरी तक आंशिक निरस्त रहेगी।










## चरगवां में पलटी पिकअप, माढ़ोताल में मारूति ने कुचला, दो की मौत

**जबलपुर।** चरगवां में बेलगाम पिकअप पलट गई जबकि माढ़ोताल में मारूति ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसों में दो की मौत हुई है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि विक्रम सिंह राजपूत पिता जालिम सिंह राजपूत 30 वर्षनिवासी ग्राम निपनिया बाइक में अरविन्द सिंह व राघवेन्द्र सिंह के साथ बाइक में कंटगी बायपास जा रहा था। खजरी खरिया के आगे एमपी 20 जेड एक्स 7030 के चालक ने तेजगति व लापरवाही से मृतक विक्रम सिंह राजपूत की मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। विक्रम सिंह राजपूत पिता जालम सिंह राजपूत की मौत हो गई। इसी प्रकार चरगवां क्षेत्र में यूरिया से लोड पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेडआर 2593 नुनपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक विजय यादव निवासी भिड़की की मौत हो गई।










TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57